
हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 13 अप्रैल 2026

[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 डॉ. सौरभ सोनवणे ने संभाला बैतूल कलेक्टर...



09 अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने पुरानी पेंशन व...




## खबर संक्षेप

### माली-सैनी समाज की प्रतिभाओं का सम्मान

**नर्मदापुरम।** संयुक्त माली सैनी सामाजिक कल्याण समिति नर्मदापुरम द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले के जन्मोत्सव का विशाल एवं भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले के चित्र के समक्ष मालार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कर किया गया। स्वागत के पश्चात 10वी एवं 12वी मे अच्छे अंक लाने वाले माली सैनी समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। साथ ही माली सैनी समाज का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समिति के सह सचिव एवं मीडिया प्रभारी अंकित सैनी ने बताया की कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे डॉ. सीतासरन शर्मा द्वारा की गयी।

### जिले में जारी है जल गंगा संवर्धन अभियान

**नर्मदापुरम।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले भर में जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं, ताकि भविष्य में सभी नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध हो सके। अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

### नागरिक बोले कई बार की शिकायत पर नहीं हो रही कार्रवाई

# शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर महिलाओं का जयस्तंभ चौक पर धरना

रविवार को ग्राम चांदौन की महिलाओं और छात्राओं ने शहर के जयस्तंभ चौक पर धरना प्रदर्शन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

ग्राम चांदौन में मुख्य मार्ग पर स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग अब तेज हो गई है। रविवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानन तिवारी के नेतृत्व में चांदौन की महिलाओं और छात्राओं ने शहर के व्यस्ततम जयस्तंभ चौक पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि जल्द सुनवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।




### आश्वासन के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

कांग्रेस नेता गजानन तिवारी ने बताया कि इससे पहले शराब दुकान के सामने भी प्रदर्शन किया था। उस समय तहसीलदार और पथरोटा थाना प्रभारी ने एक सप्ताह के भीतर दुकान हटाने का ठोस आश्वासन दिया था। तिवारी ने कहा, एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। प्रशासन की अनदेखी के कारण हमें आज जयस्तंभ चौक पर उतरना पड़ा है। यदि अब भी प्रशासन नहीं जागा, तो ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### बच्चियां सुरक्षित नहीं, प्रशासन मौन

धरने में शामिल ग्राम चांदौन की लगभग आधा सैकड़ा महिलाओं और युवतियों ने अपना दर्द बयां किया। एक ग्रामीण महिला ने रोते हुए कहा, हम गरीब लोग हैं, हर जगह गुहार लगा चुके हैं, लेकिन एसी कमरों में बैठने वाले अधिकारियों को हमारी तकलीफ दिखाई नहीं दे रही। हमारी बस एक ही मांग है कि इस रास्ते से शराब दुकान हटाई जाए। हमारी बच्चियां स्कूल और कोचिंग के लिए इसी रास्ते से गुजरती हैं, हमें उनकी सुरक्षा की चौबीसों घंटे चिंता सताती है। साथ ही महिलओं ने कहा कि इन शराब की दुकानो के कारण बेटियों का स्कूल जाना भी कम हो गया है। वहीं आए दिन शराबियों द्वारा टिप्पणी किये जाने की शिकायतें भी मिलती हैं।

### छात्राओं ने भी प्रशासन से किए सवाल

छात्राओं ने भी अपनी सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाए। धरने में अपनी सहेलियों के साथ बैठी छात्रा दीपिका ने बताया, जब भी हम दुकान के सामने से निकलते हैं, शराबी गंदी नजरों से घूरते हैं और भद्दे कमेंट्स करते हैं। हम नर्मदापुरम होशंगाबाद जाकर अधिकारियों को अपनी व्यथा बता चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आखिर में हमने गज्जू भैया (गजानन तिवारी) से मदद मांगी और आज यहां धरने पर बैठना पड़ा। वहीं नागरिकों का कहना था कि कई बार शिकायतों के बाद भी प्रशासन का कोई कार्रवाई न करना शराबियों के हौसले बढ़ाना है।

# घटनाः कुलामणी रोड पर ऑटो पार्ट्स की दुकान में लगी आग

### लाखों का सामान जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के कुलामणी रोड पर स्थित अनाया ऑटो पार्ट्स की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में दुकान के भीतर रखा लाखों रुपये का कीमती सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। दुकानदार दुकान बंद कर कर लंच करने गया था, तभी यह हादसा हुआ। प्रशासनिक तत्परता और बचाव कार्यपुलिस की मौजूदगीः आग लगने की सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस का बल तत्काल मौके पर पहुँचा।फायर ब्रिगेड की कार्रवाईः सूचना मिलते ही नगर पालिका की फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुँच गई। दमकलकर्मियों ने लगभग आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और इसे फैलने से रोका।जांच के घेरे में आग का कारणमौके पर मौजूद लोगों और प्राथमिक आकलन के अनुसार, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। पुलिस ने घटना के संदर्भ में जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि विस्तृत जांच के बाद ही आग लगने की असली वजह और हुए कुल नुकसान का सही खुलासा हो पाएगा। आधे घंटे की मशक्कत के बाद दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## पीएम के साथ बजट क्वेस्ट 2028 के फाइनल में संवाद करेंगे साहिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



जिले के ग्राम पांजरा कला के युवा साहिल तिलोटिया ने राष्ट्रीय स्तर पर शहर का नाम रोशन किया है।

साहिल का चयन प्रतिष्ठित के फाइनल राउंड के लिए हुआ है, जहां उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वर्चुअल संवाद करने का गौरव प्राप्त होगा। इस प्रतियोगिता में देशभर के 12 लाख से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया था, जिसमें साहिल ने बजट और आर्थिक नीतियों पर अपनी गहरी समझ का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। यह फाइनल राउंड 12 और 13 अप्रैल 2026 को आयोजित होगा।

बता दें कि साहिल तिलोटिया ज्ञान सरोवर वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष के रूप में समाजसेवा में भी सक्रिय हैं। उनकी इस बड़ी उपलब्धि पर 'माय भारत' के जिला युवा अधिकारी, मित्रों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।

## दो आदिवासियों से मारपीट का मामला, जिला मुख्यालय पर संगठन कर रहा घेराव की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वन विभाग के एसडीओ द्वारा दो आदिवासी चौकीदारों के साथ कथित मारपीट के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। इस घटना और पुलिस प्रशासन के सुस्त रवैया के खिलाफ ग्राम चिचवानी में चार गांवों के ग्रामीणों और आदिवासी संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें वन विभाग के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंका गया।

बैठक में ग्रामीणों ने वन विभाग और पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि रक्षक ही भक्षक बन रहे हैं और आदिवासी समाज इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। आगे की रणनीति तय करते हुए निर्णय लिया गया कि जल्द ही जिला मुख्यालय पर विशाल धरना-प्रदर्शन कर विभाग का घेराव किया जाएगा। बैठक में दुर्गेश धुर्वे, फागराम, जयसिंह बारसकर, ब्रजेश उईके, ईश्वरदास उईके, रजनी सल्लाम, सरवन मर्सकोले, मोहन सिंह भुसारे, सिवदास, ग्रामसभा अध्यक्ष विनोद भुसारे, कपिल खण्डेलवार, सुखवती कलमे, फूलवती कवड़े, मुन्नीबाई कलमे, सुरेश सिंह अखंडे, सुनील कलमें और रामेश्वर यादव सहित आसपास के चार गांवों के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



## जल प्रदाय व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए नपाध्यक्ष ने किया स्थल निरीक्षण, निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे द्वारा रविवार को वार्ड क्रमांक 13 (न्यास कॉलोनी) वार्ड 33 और वार्ड 28 का सघन दौरा कर पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जल संकट के तकनीकी कारणों की समीक्षा की गई तथा वैकल्पिक स्त्रोतों को तत्काल प्रभाव से सक्रिय करने के निर्देश जारी किए गए। न्यास कॉलोनी में बार-बार मोटर पंपों के क्षतिग्रस्त होने की समस्या के स्थायी समाधान हेतु स्थानीय नागरिकों के सुझाव पर अध्यक्ष ने बंद पड़े एक पुराने ट्यूबवेलों को पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया है। सफल परीक्षण उपरांत इन ट्यूबवेलों को सीधे मुख्य राइजिंग पाइपलाइन से जोड़ा जाएगा ताकि क्षेत्र में जल का दबाव बना रहे। नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने नागरिकों से अपील की है कि वे ट्यूबवेलों के संचालन में तकनीकी सहयोग करें एवं पानी का अपव्यय रोकें। निरीक्षण के दौरान पार्षद वंदना ओझा, एल्डरमैन नरेश मेघानी आदि शामिल रहे।



## अभा कायस्थ समाज की मातृशक्ति ने मां नर्मदा के चित्रगुप्त घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



मां नर्मदा की पावन धारा को स्वच्छ और सुंदर बनाने के संकल्प के साथ अखिल भारतीय कायस्थ समाज की मातृशक्ति और पदाधिकारियों द्वारा स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी की परवाह किए बिना समाज के सदस्यों ने न केवल घाट की सफाई की, बल्कि वहां बिखरे कचरे को चुनकर डस्टबिन के हवाले भी किया।

प्रमुख सहभागित इस पुनीत कार्य में कायस्थ समाज के जिला और स्थानीय स्तर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में डॉ दिव्य प्रकाश श्रीवास्तव, अध्यक्षः राजेंद्र श्रीवास्तव, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, मातृशक्ति अध्यक्ष ज्योति वर्मा, केशव देव वर्मा, सी.बी. खरे, लालता प्रसाद, आदित्य, विजय वर्मा, मनोज वर्मा, मंजू श्रीवास्तव, प्रीति खरे, ममता तिवारी, नेहा श्रीवास्तव, अदिति वर्मा, अनीति वर्मा, रितु श्रीवास्तव और रश्मि वर्मा सहित समाज के अनेक उत्साही कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान सदस्यों ने अपील की है कि घाटों पर गंदगी न फैलाएं और माँ को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

## अनिल मिहानी बने पूज्य सिंधी पंचायत के नए उपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पूज्य सिंधी पंचायत की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आयोजित की गई। जिसमें समाज के सक्रिय सदस्य अनिल मिहानी को सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है।

बैठक के दौरान समाज के संरक्षक मोहन मोरवानी ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे उपस्थित सभी सदस्यों और पदाधिकारियों ने एक स्वर में अपनी स्वीकृति प्रदान की। समाज हित में अनिल मिहानी द्वारा दिए जा रहे निरंतर और महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस विशेष अवसर पर समाज की कार्यकारिणी के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षाः नर्मदापुरम के 56 विद्यार्थी और 53 शिक्षक हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित 'भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा' का पुरस्कार वितरण एवं शिक्षक सम्मान समारोह गायत्री शक्तिपीठ सेठानी घाट पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एलएन प्रजापति सहित शिक्षा जगत की कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। कार्यक्रम में जिले स्तर पर प्रथम तीन स्थान पाने वाले 24 विद्यार्थियों और नर्मदापुरम तहसील स्तर के 32 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही, शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले विभिन्न विद्यालयों के 53 शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। जिला संयोजक चंद्र मोहन गौर ने बताया कि इस वर्ष जिले के 263 विद्यालयों में यह परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय सभ्यता, संस्कृति, योग और जनरल नॉलेज के माध्यम से सर्वांगीण विकास की ओर ले जाना है। जिला समन्वयक अनुराग मिश्रा ने इसे गायत्री परिवार के 'शिक्षा आंदोलन' का अहम हिस्सा बताया। अंत में तहसील समन्वयक यूके सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गायत्री परिजन, शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।



## उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार से सांसद नारोलिया ने की भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संसदीय स्थाई समिति महिला सशक्तीकरण के अंतर्गत महाराष्ट्र सरकार की उपमुख्यमंत्री एवं समिति की सदस्य सुनेत्रा अजित पवार से उनके आवास 'देवगिरी' में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान हाल ही में दिवंगत हुए उनके पूज्य पतिदेव एवं महाराष्ट्र सरकार के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर महिला सशक्तिकरण, सामाजिक भागीदारी तथा नीति-निर्माण में महिलाओं की भूमिका को और सशक्त बनाने के विषय पर सार्थक एवं सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें निर्णय प्रक्रिया में अधिक प्रभावी बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

### दो दिवसीय सिंगल पिकल बॉल प्रतियोगिता का समापन

## पिकल बॉल प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले में तरुण और अंशुल ने जीते गोल्ड मेडल, दिए गए पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदापुरम पिकल बॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सिंगल पिकल बॉल प्रतियोगिता का रविवार को शानदार समापन हुआ। 11 और 12 अप्रैल को एलजी पिकल ग्राउंड पर आयोजित इस टूर्नामेंट में जिले के लगभग 50 खिलाडि़यों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

### रोमांचक मुकाबलों में मिली जीत

प्रतियोगिता के मुख्य वर्ग के फाइनल मुकाबले में तरुण रायचंदानी और अर्नव अठोत्रा के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। तरुण ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 11-7 के अंतर से मैच जीतकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं, 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के फाइनल में अंशुल मिश्रा और श्रीकांत मोलासरिया के बीच मुकाबला हुआ। अंशुल मिश्रा ने शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए 11-6 से जीत दर्ज की और स्वर्ण पदक हासिल किया।



### गरिमामय रहा पुरस्कार वितरण समारोह

प्रतियोगिता के समापन और पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अरुण जैन उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को गोल्ड और सिल्वर मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर पिकल बॉल एसोसिएशन नर्मदापुरम के अध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह जग्गी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संघ के संरक्षक दिनेश गोठी ने खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विपिन चांडक ने किया।

## स्वर लहरी के मंच पर गायकों ने बिखेरा गायकी का जादू




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर की उभरती संगीत संस्था स्वर लहरी संगीत मंच द्वारा शनिवार शाम 'नमक रेस्टोरेंट' में भव्य संगीतमय संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राशि खोड़े एवं किशोर सीरिया उपस्थित रहे। संगीत संध्या में शहर के लगभग 15 कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सदाबहार गीतों की लाइव प्रस्तुति दी। विजय तिवारी, ललित मकवार, दीपक सोनी, मुक्ता सोनी, और रूपनारायण उसरेटे सहित अन्य गायकों ने 'मधुबन खुशबू देता है' और 'चाँदी जैसा रंग है तेरा' जैसे सुमधुर गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। युगल गीतों की प्रस्तुतियों ने देर रात तक समां बांधे रखा। इस अवसर पर विशेष अतिथि नेहा राजपूत एवं दीप्ति सोलंकी को हरीश मांझी द्वारा 'नारी शक्ति सम्मान' से नवाजा गया। कार्यक्रम का सफल संचालन मुकेश शुक्ला ने किया।

**खबर संक्षेप**

### शादी के कार्ड बांटने निकली युवती की सड़क हादसे में मौत

**बैतूल।** अपनी शादी के कार्ड बांटने निकली युवती की सडक़ हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। शाहपुर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह शाहपुर बायपास पर ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार युवती को टक्कर मार दी। युवती का नाम ऊषा उर्फ हीरा उईके (30 वर्ष) है वह गुरगुंदा गांव की रहने वाली थी। जानकारी के अनुसार, वह मुलताई से लौट रही थी और अपनी शादी के कार्ड बांट रही थी। उसकी शादी 12 मई को तय थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शाहपुर बायपास पर हाईवे से निकल रहे एक ट्रैक्टर ने कट पॉइंट पर स्कूटी को टक्कर मार दी। अचानक हुए इस हादसे से परिवार में मातम छा गया है। पुलिस ने मामले की पुष्टि की है और फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश के साथ ही पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

**बैतूल।** जिले में अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल 2026 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने संबंधित विभागों को सभी कार्यक्रमों को गरिमापूर्ण एवं व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार सभी कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का निर्धारण माननीय प्रभारी मंत्री के परामर्श से किया जाएगा। कार्यक्रमों के दौरान डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, उनके विचारों, देश एवं लोकतंत्र के लिए उनके योगदान तथा संविधान निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। विकासखंड स्तरीय सम्मेलनों में शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को आमंत्रित कर योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही सभी आयोजन स्थलों पर छाया, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।विशेष रूप से जिले में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं एवं परिसरों की साफ-सफाई कर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इसके साथ ही विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन भी किया जाएगा।

### रामायण मंडल द्वारा चलाया पानी के कटोरा अभियान

**बैतूल।** विश्व की सारी सभ्यताएं संस्कृतियां सह अस्तित्व की भावना पर ही आधारित है क्योंकि प्रकृति में सभी जीवो का अपना महत्व है। एक वैज्ञानिक ने विचार दिया था कि संसार से मधुमक्खियां समाप्त हो जाएगी तो जीवन भी समाप्त हो जाएगा। इसके पीछे कोई ना कोई जैव विविधता का तर्क हो सकता है। इसलिए हमारी संस्कृति में भी छोटे से छोटे जीव को महत्व दिया गया है। क्योंकि मानव जीवन कहीं ना कहीं अन्य जीवों के जीवन से भी जुड़ा हुआ है। सह अस्तित्व ही हमारे अस्तित्व का आधार है। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि यही जन जागरण समाज में करना चाहती है। ग्रीष्म ऋतु में जब जंगलों में नदियों में तालाबों में पानी नहीं रहता तो पक्षी परेशान हो जाते हैं कुछ की तो मौत तक हो जाती है इसलिए प्रतिदिन अपने आंगन में आने वाले पक्षियों हेतु एक पानी का कटोरा और एक दाने का कटोरा अवश्य रखें ताकि उनका जीवन बचाया जा सके। यह मानव धर्म भी है। इसी उद्देश्य को लेकर ग्राम भरकावाडी रामायण मंडल द्वारा पानी के कटोरा वितरण का कार्य किया गया। अभियान के जिला संयोजक अमोल पानकर ने कहा कि अपने घर आंगन छत या पेड़ों पर पानी के कटोरा लटकाए जिससे सहज रूप से पक्षियों को पानी मिल सके। सभी सामाजिक धार्मिक संस्थाओं को आगे बढ़-चढ ?र इस अभियान का हिस्सा होना चाहिए। जिला जल प्रमुख वि_ल चरपे ने पानी के कटोरो की व्यवस्था की। जिला सहसंयोजक विक्रम ईथापे ने शैक्षणिक संस्थाओं के माध्यम से इस अभियान को आगे बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर ग्राम की पर्यावरण टोली के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हादसों के बाद लंबे समय तक सड़क पर रहते हैं वाहन

# बैतूल और इटारसी के बीच बचे 21 किमी में नहीं मिल रहीं सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल-इटारसी फोरलेन के बरेठा घाट सेक्शन सहित 21 किमी में फोरलेन निर्माण होना शेष है। ऐसे में फोरलेन पर मिलने वाली सुविधाएं भी इस जगह उपलब्ध नहीं हो रही है। खासकर वाहनों के पलटने या दुर्घटना के बाद ट्रैफिक व्यवस्था बनाने और दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को सडक़ से हटवाने के लिए इंसिडेंट मैनेजमेंट टीम नहीं है। क्रेन, पेट्रोलिंग वाहन जैसी कोई व्यवस्था यहां नहीं मिल रही है।

यदि फोरलेन के 21 किमी निर्माण से बचे, इस हिस्से में कोई वाहन पलटता है या दुर्घटनाग्रस्त होता है तो वाहन यथावत पड़े रहते है या संबंधित थाना या विभाग द्वारा वाहनों को हटाया जाता है। कई बार बड़े-बड़े ट्रक पलटने के बाद 12 से 24 घंटे तक सडक पर ही पड़े रहते है। जिससे आने-जाने वाले वाहनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऊपर से बार-बार जाम की स्थिति निर्मित होती है, वह अलग है। बताया जा रहा है कि इस हिस्से में फोरलेन का काम नहीं होने के कारण यहां पर इंसिडेंट मैनेजमेंट की क्रेन, एंबुलेंस और पेट्रोलिंग वाहन तैनात नहीं रहता है, जबकि इस 21 किमी के रास्ते में हादसे और वाहनों के पलटने जैसी दुर्घटनाएं अक्सर सामने आती है। घायलों को भी इस सुनसान जंगल क्षेत्र में मदद मिलने में परेशानी होती है।

### जाम के कारण घोड़ाडोंगरी होते हुए बैतूल पहुंचते है वाहन

कई बार सडक़ पर वाहनों के पलटने की घटना के बाद लंबा जाम भी लग जाता है। जिसकी वजह से कई बार वाहन चालक बरेठा से घोड़ाडोंगरी होते हुए बैतूल पहुंचते है और यहां से फिर हाइवे पकड़ते है। जिससे उन्हें लंबा फेरा भी लगाना पड़ता है। बताया जा रहा है कि फोरलेन पर इटारसी-बैतूल के बीच जो यह 21 किमी का काम शेष बचा है,



इस मार्ग पर ही सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं होती है। जिसके कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर वाहन पलटने या दुर्घटनाग्रस्त होने पर तत्काल राहत नहीं मिल पाती है। यदि यह हिस्सा भी फोरलेन में शामिल हो जायेगा तो वाहन चालकों को फोरलेन पर मिलने वाली सभी सुविधाएं प्राप्त होगी। खासकर वाहन पलटने पर क्रेन या दुर्घटना होने पर तत्काल एंबुलेंस की सुविधा मिलने लगेगी।

### बरेठा घाट पर तीन साल में 78 दुर्घटनाएं

बरेठा घाट सेक्शन सडक सुरक्षा की दृष्टि से भी बेहद संवेदनशील माना जाता है। यहां संकरी और घुमावदार दो-लेन सडक, ढलान और सीमित दृश्यता के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। बताया जा रहा है कि बरेठा घाट पर 2022 से 2024 के बीच 51 सडक़ दुर्घटनाएं हुई। वहीं 2025 में भी यहां 27 से अधिक दुर्घटनाएं हुई। अब तो यहां पर हर दिन 3 से 4 दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसी वजह से इस हिस्से का उन्नयन बेहद जरूरी माना जा रहा है। एनएचएआई ने इस सेक्शन के लिए जो नया प्लान तैयार किया है, उसमें घुमावदार रास्तों को सुधारा जाएगा और ब्लैक स्पॉट्स का स्थायी समाधान किया जाएगा। सबसे खासबात यह है कि इस पूरे प्रोजेक्ट में वन्यजीव संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। इसके तहत 10 एनिमल अंडरपास और 1 एनिमल ओवरपास बनाए जाएंगे, ताकि टाइगर सहित अन्य वन्यजीवों की आवाजाही प्रभावित न हो। साथ ही क्रैश बैरियर, रंबल स्ट्रिप, साइन बोर्ड, फेंसिंग और अन्य सुरक्षा उपाय भी किए जाएंगे।

### नागपुर-भोपाल हाइवे पर बरेठा 21 किमी बचा शेष

नागपुर-भोपाल जैसी दो बड़े महानगरों को जोडऩे वाले नेशनल हाइवे पर अब तक अवरोध बैतूल जिले में स्थित बरेठा घाट बचा है। भोपाल और नागपुर के बीच आवागमन को सुगम और तेज करने के लिए वैसे तो कई साल पहले बैतूल से नागपुर और बैतूल से भोपाल के लिए फोरलेन नेशनल हाईवे को एक साथ मंजूरी मिली थी। इसमें से बैतूल से नागपुर तक 173.3 किलोमीटर लंबे नेशनल हाईवे (एनएच-47) बहुत पहले बन कर तैयार हो चुका। इसके विपरीत बैतूल से इटारसी के बीच 21 किमी के क्षेत्र में सडक निर्माण कार्य पर हाईकोर्ट की रोक थी। नागपुर (महाराष्ट्र) के एक एनजीओ ने टाइगर कॉरिडोर और बाघ मूवमेंट होने के कारण इस 21 किमी में निर्माण कार्य नहीं किए जाने पर स्टे लेकर रखा है। हालांकि यह स्टे अभी तक हटा नहीं है। सूत्रों के अनुसार आवश्यक अनुमतियां जरूर ले ली है।

### हाईकोर्ट में दायर पीआईएल के बाद से रूका है काम

इटारासी-बैतूल के माध्यम बरेठा घाट का लगभग 21 किलोमीटर का भाग शेष रह गया था। इसमें केसला रेज, भौरा रेंज तथा बरेठा घाट के तीन खंड (कुल 20.91 किमी) सम्मिलित है। ये सभी खंड वन्यजीव, विशेषकर टाइगर मुवमेंट कॉरिडोर के दृष्टिकोण से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र में आते हैं। इसी के चलते इन खंडों में निर्माण कार्य को 1 अप्रैल 2022 को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जारी स्टे आदेश के पश्चात स्थगित कर दिया गया था। इस प्रोजेक्ट के लिए विभिन्न वैधानिक एवं पर्यावरणीय विशेष रूप से वन्यजीव संबंधों मंजूरियों की आवश्यकता थी। हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए एनएचएआई ने सभी आवश्यक प्रक्रियाएं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरुप पूरी कर ली है। प्रोजेक्ट के लिए वाइल्ड लाइफ बोर्ड एवं केन्द्र सरकार से सभी आवश्यक मंजूरिया प्राप्त हो चुकी है। अब उच्च न्यायालय द्वारा स्टे के औपचारिक रूप से हटने के संबंध में आदेश की प्रतीक्षा की जा रही है। जैसे ही न्यायालय से इसे संबंध में निर्देश प्राप्त होंगे, एनएचएआई द्वारा शेष बचे सेक्शन में निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

**इनका कहना है**

बरेठा घाट सेक्शन में इंसिडेंट मैनेजमेंट की टीम नहीं है। इस कारण वाहनों को हटवाने की व्यवस्था फिलहाल यहां पर नहीं है। यहां इस 21 किलोमीटर में काम पूरा होने के बाद यहां टीम नियुक्त की जा सकेगी। वैसे भी बहुत ज्यादा ट्रैफिक जाम होने पर हम व्यवस्था बनाते हैं।


**- मनीष मीणा,**
प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई

## अधिकारियों ने किया स्वागत

# डॉ. सौरभ सोनवणे ने संभाला बैतूल कलेक्टर का पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने रविवार को बैतूल जिले के नए कलेक्टर का पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर वंदना जाट, संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद और एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत, 2017 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे को बैतूल कलेक्टर नियुक्त किया गया है। कलेक्ट्रेट पहुंचने पर अपर कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। डॉ. सोनवणे इससे पहले रीवा में नगर निगम आयुक्त सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके प्रशासनिक अनुभव को जिले के विकास कार्यों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। डॉ. सौरभ सोनवणे का जन्म 1991 में महाराष्ट्र के जलगांव में हुआ था।



उनका बचपन ग्रामीण परिवेश में बीता, जहां उनके पिता मेडिकल ऑफिसर थे। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के सरकारी स्कूल से प्राप्त की और आगे की पढ़ाई जलगांव में पूरी की। मुंबई के ग्रैंड मेडिकल कॉलेज से उन्होंने मेडिकल की पढ़ाई की और डॉक्टर के रूप में भी काम किया। तीसरे प्रयास में यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर वे 2017 बैच के आईएएस अधिकारी बने। छात्र जीवन में वे एनसीसी कैडेट भी रहे और राजपथ पर महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। डॉ. सोनवणे का मानना है कि पद और प्रतिष्ठा स्थायी नहीं होते, बल्कि व्यक्ति का व्यवहार ही उसकी असली पहचान बनाता है।

### किसान का थ्रेसर हड़पा, आरोपी गिरफ्तार



**बैतूल।** भैंसदेही अनुविभाग के झल्लार थाने में दर्ज आपराधिक विश्वासघात के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर लगभग 3 लाख रुपए कीमत की हडंबा थ्रेसर मशीन भी बरामद कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नागोराव धोटे ने 10 अप्रैल 2026 को झल्लार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनके पास किसान एग्रो की डबल फेन हडंबा थ्रेसर मशीन थी, जिसे उन्होंने 15 जनवरी 2025 को कुंजीलाल पिता काशीराम जामुनकर (32), निवासी दहेन्द्री, चौकी काटकुंभ, थाना चिखलदरा, जिला अमरावती (महाराष्ट्र) को 70 हजार रुपए में किराए पर दिया था। आरोपी ने 60 हजार रुपए अग्रिम दिए थे, जबकि 10 हजार रुपए शेष थे। नियत अवधि समाप्त होने के बाद भी आरोपी कुंजीलाल जामुनकर ने न तो मशीन वापस की और न ही शेष राशि का भुगतान किया। इसके बाद प्रार्थी ने झल्लार थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी कुंजीलाल जामुनकर को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर ग्राम बुटीदा स्थित उसके चाचा परसराम के घर से थ्रेसर मशीन बरामद कर जब्त की गई। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक वहीद खान, सहायक उपनिरीक्षक जगदीश नावरे, प्रधान आरक्षक आशीष कवडकर, आरक्षक हर्षवर्धन, सैनिक विनोद और अमित की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## शिक्षक रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे

# टीईटी परीक्षा के विरोध में प्रदर्शन किया तख्तियां लेकर जमकर की नारेबाजी




**इछावर।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर शनिवार को तहसील क्षेत्र के शिक्षक - शिक्षिकाओं ने टीईटी परीक्षा के विरोध में प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में शिक्षकों ने वाहन रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और परीक्षा निरस्त करने की मांग की।

शनिवार को ब्लॉक के शिक्षक - शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में नगर के दशहरा मैदान स्थित गिलावनी माता मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। शाम करीब साढ़े चार बजे वाहन रैली निकालते हुए सब्जी बाजार , पान चौराहा , अस्पताल , थाना रोड से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान प्रदर्शनकारी टीईटी परीक्षा निरस्त करो लिखी तख्तियां लेकर नारेबाजी करते रहे। संगठन के पदाधिकारी इंदरसिंह ठाकुर , महेश राठौर ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों को भी टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य हो गया है। उनका कहना है कि यह नियम 20 - 30 वर्षों से पढ़ा रहे शिक्षकों के अनुभव का अपमान है। नियुक्ति के दौरान ऐसा कोई नियम नहीं था।

शिक्षकों ने ज्ञापन के माध्यम से टीईटी परीक्षा को तत्काल रद्द करने की मांग की । साथ ही सेवा अवधि को नियुक्ति दिनांक से मानने एवं पुरानी पेंशन बहाली की बात कही गई।संगठन के चंदरसिंह ठाकुर , महेश मालवीय , चुन्नी लाल परमार , गुलाब सिंह वर्मा आदि ने साफ कहा है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने 18 अप्रैल को भोपाल में होने वाले प्रदर्शन में अधिक से अधिक शिक्षकों के शामिल होने की अपील की है।

### जिले की 268818 लाड़ली बहनों को 39 करोड़ 29 लाख से भी अधिक की राशि की अंतरित

**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने 12 अप्रैल को सीहोर जिले के आष्टा में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की एक करोड़ 25 लाख से अधिक लाडली बहनों के खाते में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की।जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग गौतम अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत सिंगल क्लिक के माध्यम से बैतूल जिले की 2 लाख 68 हजार 818 लाड़ली बहनों के खाते में 39 करोड़ 29 लाख 52 हजार 800 रुपए की राशि अंतरित की गई है। इनमें जनपद पंचायत बैतूल की 30202, जनपद पंचायत आमला की 25411, जनपद पंचायत आठनेर 18242, जनपद पंचायत भैंसदेही 21075, जनपद पंचायत भीमपुर 25540, जनपद पंचायत चिचोली 14946, जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी 26916, जनपद पंचायत मुलताई 24383, जनपद पंचायत प्रभात पट्टन 22613, जनपद पंचायत शाहपुर 18184 तथा नगर पालिका बैतूल 14030, नगर पालिका आमला की 3666, नगर पालिका मुलताई 4398, नगर पालिका सारनी 8855, नगर परिषद आठनेर 2102, नगर परिषद बैतूल बाजार 1874, नगर परिषद भैंसदेही 1957, नगर परिषद चिचोली 1708, नगर परिषद घोड़ाडोंगरी की 1406, नगर परिषद शाहपुर की 1307 बहनें शामिल हैं।

# अस्पताल से लापता मरीज का शव मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

एक निजी अस्पताल से लापता हुए मरीज का शव माचना नदी में मिलने से सनसनी फैल गई। इटावा (थाना बोरदेही) निवासी इशोप पंडोले (उम्र करीब 58-60 वर्ष) को 31 मार्च 2026 को किडनी में पथरी की शिकायत के चलते शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार मरीज का इलाज आयुष्मान योजना के तहत किया जा रहा था और 3 अप्रैल तक उनकी एंट्री आयुष्मान पोर्टल पर दर्ज थी। बताया गया है कि 3 अप्रैल को इशोप पंडोले अचानक अस्पताल से लापता हो गए।


अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज में उन्हें अस्पताल से बाहर जाते हुए देखा गया है। प्रबंधन का दावा है कि उस समय उनके साथ एक अटेंडेंट भी मौजूद था और परिजनों को इसकी जानकारी थी। वहीं, परिजनों का आरोप है कि अस्पताल की लापरवाही के कारण ही मरीज लापता हुआ। उन्होंने पहले अपने स्तर पर तलाश




की, लेकिन कोई सुराग न मिलने पर 5 अप्रैल को कोतवाली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले की शिकायत एसपी कार्यालय में भी की गई थी। इसी बीच कंट्रोल रूम को भयावाड़ी के पास माचना नदी में एक शव मिलने की सूचना मिली। सूचना पर एसडीआरएफ टीम और पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। प्रारंभिक जांच में शव 5 से 6 दिन पुराना बताया गया। शव की पहचान इशोप पंडोले के रूप में हुई। उनकी गुमशुदगी को लेकर पहले से पंपलेट भी जारी किए गए थे, जिससे पहचान आसान हो सकी। कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। अब पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि मरीज अस्पताल से निकलकर नदी तक कैसे पहुंचा और उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस का कहना है कि मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है और सच्चाई सामने आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लोकार्पण के 12 दिन बाद यानी 7 अप्रैल से उपकेंद्र से शुरू हुई थी बिजली, अब संकट से निजात

# सीएम, सांसद, प्रभारी मंत्री-विधायक के नाम लिखे लोकार्पण पत्थर को नहीं मिला सम्मान, बंद कमरे में कैद





### 26 मार्च को शहर के मंडी क्षेत्र में हुआ था विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

राजनीति में शिलालेख (लोकार्पण पत्थर) न केवल विकास का प्रतीक होता है, बल्कि उस पर अंकित नाम पद की गरिमा और सम्मान को दर्शाते हैं। लेकिन शहर के मंडी क्षेत्र में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद आलोक शर्मा के नाम वाला लोकार्पण पत्थर एक बंद कमरे की चारदीवारी में कैद होकर रह गया है। करीब सवा पौने तीन करोड़ रुपए की लागत से बने इस सब-स्टेशन का लोकार्पण तो हो गया, लेकिन गरिमा और मर्यादा को कमरे में बंद कर दिया गया। बता दें मंडी क्षेत्र में 2 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से बने 33/11 केवी विद्युत सब-स्टेशन का लोकार्पण पिछले दिनों प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर द्वारा किया गया था। सरकारी प्रोटोकॉल और परंपरा यह है कि शिलालेख पर उन्हीं अतिथियों के नाम सुनहरे अक्षरों में लिखे जाते हैं, जो समारोह में उपस्थित हों। परंतु यहां तो बिना आए ही मुख्यमंत्री और सांसद को मुख्य अतिथि बना दिया गया। अब यह पत्थर भवन के एक कमरे में रखा है। लोकार्पण के बाद भी 'अंधेरे' में रही जनता लापरवाही का आलम यह रहा कि 26 मार्च को तामझाम के साथ हुए लोकार्पण के बावजूद 12 दिनों तक सप्लाई शुरू नहीं हो सकी। शिलालेख तो सज गया, लेकिन जनता के घरों में अंधेरा ही रहा। कुछ-कुछ दिन तो 6 से 7 बार बिजली गुल हुई, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### जब सड़क पर उतरे लोग तब मिली बिजली

लोकार्पण के बावजूद बिजली न मिलने से गुस्साए मंडी क्षेत्र के नागरिकों का सब्र तब टूट गया, जब सुबह से शाम तक बिजली गायब रही। लोगों ने मंडी चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। इस विरोध प्रदर्शन और विभाग की जमकर हुई किरकिरी के बाद आनन-फानन में काम पूरा कर लोकार्पण के 12 दिन बाद यानी 7 अप्रैल से सप्लाई शुरू की गई।

### 26 अप्रैल को होगा बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**बैतूल।** आगामी 26 अप्रैल 2026 को बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन प्रज्ञा बुद्ध विहार, भारत भारती, जामठी में किया जाएगा। इस अवसर पर प्रज्ञा जीवनसाथी पत्रिका का विमोचन भी होगा। आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और जिले सहित प्रदेशभर से पंजीयन लगातार बढ़ रहे हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष रामदास पाटिल ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर 16 अप्रैल को सुबह 11 बजे पंचशील बुद्ध विहार, सदर, बैतूल में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में सामाजिक बंधु और आयोजन समिति के सदस्य शामिल होकर व्यवस्थाओं और जनसहयोग पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन में शामिल होने के लिए युवक-युवतियों के पंजीयन की तिथि 15 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। जिन अभिभावकों ने अब तक अपने बच्चों का पंजीयन नहीं कराया है, उनसे समय सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ फॉर्म भरने की अपील की गई है।

### आईपीसीए ने रेहटी को नौ विकेट से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर स्व.श्रीराजमल मेवाड़ा पूर्व विधायक की स्मृति में खेली जा रही कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को दो मैच खेले गए। इसमें पूर्व भारतीय टीम के विस्फोटक खिलाडी जेपी यादव ने आईपीसीए टीम की ओर से खेलते हुए मात्र 30 गेंद पर पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से 53 रन बनाए थे।

# सेवानिवृत्त प्राचार्य महेश पचौरी पंचतत्व में विलीन



**बैतूल।** सेवानिवृत्त प्राचार्य महेश पचौरी आज रविवार की शाम पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका देहावसान सुबह करीब 6 बजे हो गया था। इसके बाद शाम 4 बजे उनकी अंतिम यात्रा विकास नगर स्थित निवास से निकली। करीब 5.30 बजे कोठीबाजार मोक्षधाम में उनके अनुज भ्राता वरिष्ठ पत्रकार एवं हरिभूमि नरसिंहपुर ब्यूरो चीफ संजय पचौरी ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान शहर के सभी समाजसेवी और गणमान्य लोग मौजूद थे। पर्यावरण और गाय के प्रति पचौरी परिवार की प्रतिबध्दता को देखते हुए गौ काष्ठ से उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी तेरहंवी और श्रध्दांजलि सभा का आयोजन आगामी 24 अप्रैल को रखा गया है। 82 वर्षीय महेश पचौरी प्रसिद्ध समाजसेवी और आध्यात्मिक व्यक्तित्व वालीं सेवानिवृत्त प्राचार्य श्रीमती शंकुतला पचौरी के पति थे। उनकी चार पुत्रियां कनिका, निमिषा, विपाशा और तूलिका हैं। स्व. महेश पचौरी वरिष्ठ पत्रकार एवं हरिभूमि बैतूल के ब्यूरो चीफ संजय द्विवेदी के ससुर भी थे।

**खबर संक्षेप**

## कांग्रेस के मंडलम अध्यक्षों की हुई घोषणा



**सोहागपुर।** पीसीसी चीफ जीतू पटवारी व नर्मदापुरम-जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडे की अनुशंसा पर सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलम अध्यक्षों की घोषणा की गई है। यह घोषणा मप्र कांग्रेस कमेटी संगठन प्रभारी महामंत्री डॉ. संजय कामले ने की है। जिसमें विधानसभा सोहागपुर के सोहागपुर, रामपुर-गुर्रा व माखन नगर ब्लॉक्स के मंडलम अध्यक्ष शामिल हैं। सभी नव नियुक्त मंडलम अध्यक्षों को कांग्रेस पार्टी के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। जानकारी अनुसार सोहागपुर ब्लॉक के माछा में जालम सिंह पटेल, शोभापुर में संजय साहू, गजनई में अजुद्दी पटेल, तालाखेड़ी में भूपेंद्र सिंह पटेल, सोहागपुर नगर में भास्कर मांझी, बारंगी में विक्रम सिंह रघुवंशी, सोढरा में राजा भैया पटेल, नयागांव में महेश कुमार रघुवंशी, सेमरी हरचंद में प्रेम नारायण कुशवाहा मंडलम अध्यक्ष नियुक्त किये गए हैं। सोहागपुर मंडलम अध्यक्ष रूप में 34 वर्षीय भास्कर मांझी की नियुक्ति कांग्रेस में युवाओं के दौर की शुरुआत मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि भास्कर मांझी वर्तमान में नगर के मातापुरा वार्ड से पार्षद भी हैं।

### सोहागपुर नगर परिषद ने की वर्ष भर में 85% कर वसूली

# गत वित्तीय वर्ष और पूर्व की बकाया मांग में की संतोषजनक परफॉर्मेंस

नगर परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 31 मार्च 2026 तक कर वसूली लक्ष्य की पूर्ति के लिए अथक प्रयास किये गए थे। प्रयासों की सफलता के रूप में शहरी क्षेत्र के करदाताओं से 85% कर वसूली पूर्ण की जा चुकी है। गत कुछ वर्षों में इसे धप का बेहतर प्रयास माना जा रहा है




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 31 मार्च 2026 तक कर वसूली लक्ष्य की पूर्ति के लिए अथक प्रयास किये गए थे। प्रयासों की सफलता के रूप में शहरी क्षेत्र के करदाताओं से 85% कर वसूली पूर्ण की जा चुकी है। गत कुछ वर्षों में इसे धप का बेहतर प्रयास माना जा रहा है।

सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार निकाय को एक अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की स्थिति में वित्तीय वर्ष के लिए कुल 80,71,898 रुपये की कर वसूली करनी थी। जिसमें से 70,08,455 रुपये की वसूली की गई है। और इस तरह है वित्तीय वर्ष में कर वसूली मांग के विरुद्ध 86.83 प्रतिशत रही है।

राजस्व शाखा से हरगोविंद व्यास ने बताया की गत वित्तीय वर्ष के पहले की बकाया मांगों के विरुद्ध वसूली का लक्ष्य 52,22,274 रुपये का था। जिसमें से नगर परिषद ने 43,19,265 रुपए की वसूली की है। तथा उक्त श्रेणी में 82.71% कर वसूली लक्ष्य प्राप्त किया गया है। इस तरह है वसूली लक्ष्य 1,13,27,720 रुपये की मांग के विरुद्ध 1,32,94,172 रुपये की वसूली की गई है। और लक्ष्य को 85% तक पूर्ण किया गया है।

कांप्लेक्स व दुकान किराया न्यूनतम

नगर परिषद द्वारा कर वसूली का प्रपत्र 31 मार्च 2026 के बाद बनाया गया है। जिसके अनुसार गत वित्तीय वर्ष 2025-26 तथा इसके पूर्व की मांग के लिए संपत्ति कर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, नगरीय विकास उपकर, जलकर तथा कांप्लेक्स व दुकान किराया की श्रेणियां निर्धारित थीं। इनमें संपत्ति कर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, नगरीय विकास उपकर, तथा जलकर की वसूली गत वित्तीय वर्ष में 84% से अधिक रही है। वहीं इन सभी करों की वसूली बकाया मांग श्रेणी में भी 80% से अधिक रही है। जबकि व्यापारियों से की जाने वाली कांप्लेक्स एवं दुकान किराया की वसूली का लक्ष्य गत वित्तीय वर्ष में मात्र 75.39 प्रतिशत रहा। वहीं पूर्व की बकाया मांग में भी इस श्रेणी में 79 प्रतिशत वसूली की गई है। दोनों श्रेणियों में न्यूनतम वसूली कांप्लेक्स एवं दुकान किराये के रूप में की गई है। शेष सभी करों की वसूली 80% से अधिक है।

### पूर्व की मांग पर ध्यान की दरकार

नगर परिषद सूत्र मानते हैं कि निकाय की राजस्व शाखा के द्वारा गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में कर वसूली का प्रतिशत अच्छी तरह से प्राप्त किया गया है। तथा इससे में 86.83 प्रतिशत वसूली हुई है। लेकिन बकाया मांगों के विरुद्ध वसूली का प्रतिशत मात्रा 82.71 प्रतिशत ही है। कई वर्षों से देखा जा रहा है कि बकाया मांग की वसूली का प्रतिशत प्रायः कम ही रहता है। अर्थात करदाताओं द्वारा वर्षों से नगर परिषद को कई करों का भुगतान नहीं किया गया है। कर व्यवस्था जानकर मानते हैं कि सोहागपुर नगर निकाय को इस ओर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। क्योंकि दोनों ही श्रेणियों में कर वसूली लक्ष्य में 30 लाख रुपये का अंतर था। इसके बाद भी बकाया मांग की वसूली का प्रतिशत कम रह गया है।

## बाजार में बिक रहा अमानक पानी, नहीं हो रही कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की माथनीके साडियां के हतवास, अजनेरि सहित नगरपालिका परिषद क्षेत्र के नेहरू वार्ड भगतसिंह वार्ड महाराणा प्रताप वार्ड सहित अनेक लोगों के द्वारा आजकल पीने के पानी के प्लाट अपने घरों में लगाकर व्यवशाय किया जा रहा है। जिनके सैंपलिंग हुई या नहीं लायसेंस बनवाया गया है।या नहीं इस तरह की कोई जानकारी फूड सेफ्टी एण्ड स्टैण्डर्ड कानून खाद्य अधिकारी मनोज शुक्ला के द्वारा संबंधित के बारे में जानकारी प्रदान नहीं कर रहे हैं। अनेकानेक जगहों पर लगातार होटल रिसोर्ट रेस्टोरेंट आदि की कोई सूचना मीडिया को नहीं दी जा र। पेट्रोल पंप पर लंबे समय से जांच कराई ही नहीं है। लगातार अंजनेरी से नगाड़ी मेंवं लगातार पीने प्लांट घरके कमरे में लगातार तैयार किया जा रहा है। पीतथने के पानी कैका चिल्ड वाटर धंका पानी का टेंडर अनुबंध मशकिया गया है कि न ही है। नक़ली पानी मिल का नाम भी नहीं है। भूषण शर्मा ने बताया कि सुबह गांव में भी शक्रियता से लोग पीने के पानी के प्लाट चला रहे हैं। इनके लायसेंस बनवाया गया है या नहीं इसकी जांच कराई जाए। अक्सर शहर गांव में चिल्ड वाटर की स औरप्लाई कखान रने वाले प्लांट है।

लेकिन अभी वर्तमान में यह बात कही है। लेकिन पानी की बोतल की सप्लाई करने वाली कंपनी की कोई जानकारी नहीं है। अतः शासनको इसकी जांच कराई जा नहीं है? इस विषय में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खानने बताया कि सभी की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

### 5 लाख 20 हजार 696 की स्वीकृति जारी

**नर्मदापुरम।** राज्यसभा सांसद माया नारोलिया की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा सांसद निधि से 01 निर्माण कार्य के लिए 05 लाख 20 हजार 696 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य सभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया की अनुशंसा पर नर्मदापुरम के नगर इटारसी के वार्ड गोपाल नगर में अपना घर वृद्ध आश्रम न्यास कॉलोनी में कक्ष एवं लेटबाथ निर्माण के लिए 05 लाख 20 हजार 696 रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## जिलाध्यक्ष प्रीती शुक्ला के नेतृत्व में ग्रामीणों को जनहितेषी योजनाओं की दी जानकारी

### गांव चलो अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे ?गांव चलो अभियान? के अंतर्गत जिले में भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितेषी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीती शुक्ला के नेतृत्व में ग्राम रावण पीपल, फरीदपुर एवं अमलाड़ा काला में अभियान चलाया गया, जहां भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर योजनाओं की जानकारी दी। जिला अध्यक्ष प्रीती शुक्ला ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार गरीब, किसान, महिला, युवा और जरूरतमंद वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की विभिन्न योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, लाड़ली बहना योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गांवों का समग्र विकास और आमजन का जीवन स्तर बेहतर बनाना है। अभियान के दौरान मंडल अध्यक्ष शिवपुर धर्मेंद्र गुजर, वरिष्ठ कार्यकर्ता संदीप तंवर, मस्तान साद, सज्जन पटेल, संतोष गुजर, जगदीश लोवंशी, वसंत राजपूत सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नप सफाई कर्मियों ने स्वच्छता पर पाया ऑनलाइन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने गत दिवस 'स्वच्छता स्वाभिमान अभियान' से संबंधित ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त किया है। जिसमें भोपाल के विशेषज्ञ द्वारा नप के सफाई मित्रों को विधिक जानकारियां से अवगत कराया गया। सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा से प्राप्त जानकारी अनुसार सभी सफाई कर्मियों को गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल के प्रोफेसर डॉ. एसके पटने के द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया। डॉक्टर पटने ने सफाई कर्मियों को स्वच्छता कार्य दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में सूक्ष्म से सूक्ष्म जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से स्वयं के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखते हुए समग्र स्वच्छता के कार्य को संपन्न किया जा सकता है। डॉ. पटने ने सफाई मित्रों को व्यक्तिगत स्वास्थ्य प्राथमिकता से भी अवगत कराया। इस दौरान नगर परिषद की स्वच्छता शाखा से नीरज मलैया सहित अन्य सफाई मित्र तथा निकाय के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। समूचा ऑनलाइन शिक्षण लैपटॉप के माध्यम से नगर परिषद के सभा कक्ष में दिया गया।

## अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने पुरानी पेंशन व वरिष्ठता संबंधी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




अध्यापक-शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के आव्हान पर मप्र में शिक्षकों एवं अध्यापकों ने अपनी विविध मांगों को लेकर शनिवार को ब्लॉक मुख्यालयों पर ज्ञापन सौंपे हैं। इसी क्रम में सोहागपुर में भी ज्ञापन सौंपा गया है।

संबंधित संगठन की ओर से जारी प्रेस नोट के अनुसार सोहागपुर में सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाओं ने नायब तहसीलदार नीरू जैन को ज्ञापन सौंपा। सारिका देवलिया द्वारा ज्ञापन का वाचन किया गया। जिसके अनुसार टीईटी परीक्षा रोकने, पुरानी पेंशन बहाली एवं वरिष्ठता संबंधी मांगों को लेकर शिक्षक वर्ग लामबंद है। इसके बाद शिक्षक-शिक्षिकाओं ने ही मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान उमेश ठाकुर, आर रघुवंशी, योगेन्द्र पटेल, अर्जुन रघुवंशी, जितेंद्र बैरागी, दुर्गा कुशवाहा, रामकृष्ण पटेल, कैलाश पटेल, विक्रम ठाकुर, ओमप्रकाश, मनीष साहू, रामाधार नागेश, रहीस पटेल, दरयाव, बलराम रघुवंशी, अखिलेश सराठे, पंकज ठाकुर, राजेश साहू, कमलेश ठाकुर, मनोज, सुखदयाल कुवैती, केशव पटेल, हरिसिंह, नीरज रघुवंशी, पंकज काटकर, छबीले श्याम, चंद्रभान, रामसागर प्रजापति, नंदकिशोर खरे, कमल अहिरवार, रामस्वरूप रघुवंशी, सौरभ पाठक, सुतेंदर ठाकुर, लखन नागवंशी, राजेश नागवंशी, गिरधारी पटेल, प्रभात कोरी, सुप्यार पटेल, सज्जन मेहरा, पंकज दुबे, सारिका देवलिया, कल्पना सूर्यवंशी, चित्रा चौरसिया, आरती साह, लतिका कोरी, स्वर्णलता नाग, लज्जा सिंगारे, दुर्गा साह, एमएस शर्मा, मीना साह आदि उपस्थित थे।

## नगर रक्षा समिति का हुआ पुनर्गठन, कार्यशाला हुई संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखननगर थाना प्रांगण में नगर रक्षा समिति एवं ग्राम रक्षा समिति के पुनर्गठन हेतु कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नगर की सुरक्षा व्यवस्था में जनसहभागिता को बढ़ावा देना तथा युवाओं को पुलिसिंग के प्रति जागरूक करना है।कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने नगर रक्षा समिति के कार्य,अधिकार एवं कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को समाज में सक्रिय भूमिका निभाने और समिति से जुड़कर सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया।

## महन्त पवनसुत दास ने अपने पिता की स्मृति पर कराया कवि सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




नगर में रामकृष्ण पांडे की स्मृति में पुत्रों ने किया कवि सम्मेलन आयोजित मंगलवारा चौराहे पर किया गया। साहित्यकार रहे रामकृष्ण पांडे की स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें शुभारंभ में मां सरस्वती पूजा अर्चना कर सबसे पहले कुछ सेवा निवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उसके बाद कवि सम्मेलन का प्रारंभ किया गया। ज्येष्ठ पुत्र महन्त पवनसुत दास के द्वारा अपने उद्बोधन में पिता की सहजता सरलता वा उनके साहित्यिक प्रेम के बारे में जानकारी प्रदान की। उसके बाद कवियों का सम्मान किया गया। महिला कवि मंजू भरद्वाज ललित पुर ने कविताओं का शुभारंभ किया।कवि बोले नेमा चंचल हर ई वीनीत नामदेव कवि आर बी गुप्ता नागपुर कवि राहुल शर्मा उज्जैन कवि विनोद सनोडिया,मंच संचालन दीपक साहू मुलताई कवि ने किया सभी कवियों ने अपनी कलाओं की प्रस्तुति दी शोर्य, हास्य मृदुल ओजस्वी जो जिस विद्या कविता कला में निपुण थे। उन्होंने वह प्रस्तुति दी ।इस दौरान हरीश पांडे संयोजक ने कवियों का सम्मान किया। आभार महन्त पवनसुत ने किया।

## पंचायत दर्पण पोर्टल, ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर लगा प्रतिबंध डीएससी भी रिजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की सभी पंचायत में राशि जमा कराई जा रही थी। शासकीय अधिकारियों के द्वारा संबंधित योजनाओं में सभी शामिल हुए निर्माण कार्य की राशि जमा कराई जा रही थी। जैसे पंचायत दर्पण पोर्टल ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर विधायक निधि सांसद निधि जिला पंचायत जनपद पंचायत सहित अन्य सभी योजनाओं की मदद बार योजना बार जो राशि पंचायत को मिलती हैं।

जिसमें नाली निर्माण कार्य,सी सी रोड निर्माण कार्य, स्वच्छता अभियान, सहित अन्य सभी राशियों के बिल लगाए जा रहे थे। तथा किसी भी भुगतान कर सकते थे। राशि का आहरण कर लिया गया था। लेकिन सभी पंचायत सचिव रोजगार सहायक के अनुसार वर्तमान समय में सभी शामिल पोर्टल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है तथा सचिव को लगभग 3 माह बीत गए हैं लेकिन अभी तक कोई भी वेतनमान का भुगतान नहीं किया गया है। रोजगार सहायक को मनरेगा योजना के तहत भर्ती कराया गया था। जिसके 9000रूपे तथा अन्य के 9000 रुपे कुल मिलाकर 18000का वेतन भुगतान करने की घोषणा की थी। लेकिन अब मात्र 9000ही दिया जा रहा है।इस तरह से अनेकानेक अनमितताए प्रतीत हो रही है। रोजगार सहायक का भविष्य खतरें में दिखाई दे रहा है।सारे देश देश बंद के बाद भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रबल अरजरिया लगातार पंचायत के दौरे कर रहे हैं।

यह एक चर्चा का विषय है। आखिर सीईओ किस प्रायोजनों के तहत घूम रहे हैं। इस बारे में सीईओ ने बताया कि अभी नरवाई जलाने वाले पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसलिए नजर रखी जा रही है। अनेकानेक पंचायत के अधूरे पड़े काम पूरे करने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। बजट नहीं आया है इसलिए वेतन भुगतान नहीं किया गया है।

### विलेजलाइफ वेलफेयर सोसायटी का आयोजन

# कामती में किया प्याऊ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् ,नवांकुर संस्था विलेजलाइफ वेलफेयर सोसायटी बनखेडी ने ग्राम कामती के मुख्य मार्ग पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की विकास खंड समन्वयक सुखवती वर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सरपंच दुर्गा प्रसाद मेहरा की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता रजनीश यादव के आतिथ्य,केशव कुमार राय के आतिथ्य में प्याऊ का शुभारंभ किया। मुख्य मार्ग पर हुये प्याऊ के शुभारंभ अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की विकास खंड समन्वयक सुखवती वर्मा ने कहा परिषद् सामाजिक सरोकारों के कार्य करती है।इस सेक्टर में विलेजलाइफ वेलफेयर सोसायटी बनखेडी ने प्याऊ की स्थापना करके पुन्य का कार्य किया है।इस भीषण गर्मी में हमें पक्षियों के लिए भी दाना पानी अभियान चलाना चाहिए। पक्षियों के लिए पानी के सकोरे लगाकर हम उनका संरक्षण संवर्धन कर सकते हैं। इस अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर स्कूल कामती की संचालिका मालती कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान संघ विद्युत सब स्टेशन का करेगा घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

भारतीय किसान संघ तहसील माखन नगर द्वारा मध्य प्रदेश विद्युत मंडल की सब स्टेशन सेमरी हरचंद पर 13 अप्रैल 2026 दोपहर 1:00 बजे से धरना प्रदर्शन घेराव का कार्यक्रम रखा गया है यह कार्यक्रम संपूर्ण तहसील में विद्युत की अव्यवस्थाओं को लेकर किया जा रहा है चूंकि सेमरी हरचंद सब स्टेशन से निकलने वाले फीडर एवं सभी स्टेशनों पर व्यवस्थाएं अत्यधिक खराब होने के कारण यह कार्यक्रम सेमरी सबस्टेशन पर रखा गया है। तहसील अध्यक्ष राजेश दीवान एवं तहसील मंत्री गोपाल मीणा द्वारा बताया गया कि हम लोगों ने शासन स्तर पर एवं विद्युत मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों को आवेदन निवेदन करते हुए बड़ा लंबा समय हो गया है परंतु आज दिनांक तक मध्य प्रदेश सरकार की घोषणा अनुसार 10 घंटे बिजली तहसील के किसी भी विधुत सब स्टेशन के किसी भी फीडर से प्रदाय नहीं हो पा रही है।

जिसमें संघ अपील करता है कि क्षेत्र के किसान अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे जिसमें सोहागपुर डिवीजन के उप महाप्रबंधक को भी सूचित किया गया है कि वह उपस्थित होकर किसानों की समस्याओं को त्वरित यथायोग्य निराकरण करें समस्या का ठोस निदान नहीं होने पर भारतीय किसान संघ किसानों के साथ और भी बड़ा उग्र आंदोलन करने पर विवश होगा।

## नगर कांग्रेस ने मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति की, समारोह में हुआ स्वागत, दी गई बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी द्वारा चार महत्वपूर्ण मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। नगर अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने बताया कि इन नियुक्तियों में सामाजिक समरसता और सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व का विशेष ध्यान रखा गया है।

नगर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में जिला अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं, वे जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दें। प्रदेश महासचिव राजकुमार उपाध्याय ने नवनियुक्त अध्यक्षों से पूरी निष्ठा के साथ विचारधारा को घर-घर पहुचाने का आह्वान किया।

साथ ही मंडलम अध्यक्ष उनमें हरीश अग्रवाल, अमित परदेशी, देवी मालवीय, सोनू बकोरिया शामिल हैं। कार्यक्रम में अजय शुक्ला, मोहन झालिया, विजय बाबू चौधरी और संतोष बेबू गुरयानी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे, जिन्होंने एकजुट होकर संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया। इस दौरान सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को कांग्रेस के नेताओं ने बधाई दी।

## खबर संक्षेप





### समाजसेवी नरेंद्र खंगराले का सम्मान

**सीहोर।** शिक्षा के अग्रदूत महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबाफुले की 200 वी जयंती पर स्थानीय भोपाल नाका स्थित समाजसेवी नरेन्द्र खंगराले का महात्मा ज्योतिबा फुले समिति द्वारा उनके दलित हितेशी कार्यों को देखते हुए पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री खंगराले ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्री बाई फुले सत्य शोधक समाज की स्थापना कर शिक्षा की ज्योति को जलाया। उन्होने गरीबों और कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया। इस अवसर पर पूर्व सहायक संचालक शिक्षा रिटा.आर.के.बांगरे पूर्व पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले, शिक्षक शैलजा शैल, निर्मला मालेकर, कमल कीर, दिनेश पुष्पद, जनम सिंह परमार एवं कमल मालवीय सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### गेहूं उपार्जन के पंजीयन स्लॉट बुक करने में आ रही समस्याओं को गंभीरता से लिया

# कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर किया गेहूं की वास्तविक उपज का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में किसानों को गेहूं उपार्जन हेतु पंजीयन स्लॉट बुक करने में आ रही समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने ग्राम स्तर पर पहुंचकर किसानों के खेतों का निरीक्षण किया।

उन्होने ग्राम अहलवाडा में जाकर किसानों से सीधे संवाद किया एवं उनकी समस्याओं को समझा। इस दौरान उन्होंने खेतों में खड़ी एवं कटाई उपरांत रखी गई गेहूं की फसल का अवलोकन कर वास्तविक उपज का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को स्लॉट बुकिंग में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होने स्पष्ट किया कि शासन किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है तथा उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर तहसीलदार टिमरनी, जिला आपूर्ति अधिकारी बासुदेव भदौरिया एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रशान्त कुशवाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जनगणना 2027 के तहत पहले चरण की शुरुआत 16 से

**हरदा।** जनगणना 2027 के तहत प्रथम चरण की शुरुआत 16 अप्रैल से होगी। इस ऐतिहासिक चरण में 16 से 30 अप्रैल 2026 के बीच नागरिक ह्यस्व-गणनाह्व प्रक्रिया के माध्यम से अपने परिवार और घर की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। संयुक्त कलेक्टर एवं जिला जनगणना प्रभारी रजनी वर्मा ने बताया कि स्व-गणना एक नया सुविधाजनक विकल्प है। यह परिवार के किसी भी उत्तरदाता को सुरक्षित वेब पोर्टल का उपयोग करते हुए अपने घर अथवा कार्यालय या अन्य किसी स्थान से ऑनलाइन अपने परिवार की जानकारी स्वयं भरने की सुविधा प्रदान करता है।
सुश्री वर्मा ने बताया कि स्वगणना के तहत आपको ऑनलाइन फार्म भरकर एक विशिष्ट आईडी जनरेट करना होता है, जिसे बाद में आने वाले जनगणना कर्मचारी को दिखाना होता है, जिससे डेटा सत्यापन आसान हो जाएगा। यह पोर्टल 16 अलग-अलग भाषाओं में उपलब्ध होगा, ताकि लोग अपनी मातृभाषा में जानकारी साझा कर सकें। इस प्रक्रिया में मुख्य रूप से दो श्रेणियों में डेटा एकत्र किया जाएगा। मकान सूचीकरण के तहत घर के स्वामित्व, निर्माण सामग्री और उपलब्ध सुविधाओं का विवरण होगा तथा जनसंख्या विवरण के तहत परिवार के सदस्यों के नाम, उनकी आयु, शिक्षा और व्यवसाय की जानकारी शामिल होगी। सुश्री वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि स्वगणना के दौरान सही उत्तर देना धारा 8 के तहत अनिवार्य है। स्वगणना में सभी प्रश्नों का सही उत्तर दें।

### जनगणना हेतु नियुक्त प्रगणकों व सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण 15 से

रहटगांव। जनगणना 2027 के तहत तहसील जनगणना अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी रहटगांव द्वारा प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स की नियुक्ति की गई है। नियुक्ति की सूचना मोबाईल संदेश के माध्यम से दी गई है तथा जनगणना कार्य हेतु नियुक्त सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम अनुसार प्रगणकों व सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण तीन बैच में प्रातः 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिमरनी में आयोजित किया है।

### जिला प्रशासन की गुहार

# अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाह की रोकथाम में मदद करें


हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिला प्रशासन हरदा द्वारा 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर बड़ी संख्या में होने वाले विवाह समारोहों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए बाल विवाह की संभावनाओं को रोकने के उद्देश्य से विवाह से संबंधित सभी सेवा प्रदाताओं से विशेष अपील की गई है। जिला हरदा के विवाह से जुड़ी सभी सेवाएं देने वाले पंडित, धर्मगुरु, होटल, केटरर, टेंट हाउस संचालक, बैंड-बाजा वाले, ब्युटी पार्लर, घोड़ी-बग्गी संचालक, मैरिज गार्डन मालिक, छायाकार, स्टूडियो संचालक एवं अन्य आयोजकों से अनुरोध किया गया है कि वे विवाह से पूर्व बालक-बालिका की आयु का सत्यापन अवश्य करें। प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी अनुराग दुबे ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे विवाह न केवल कानूनन वर्जित हैं, बल्कि बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विपरीत प्रभाव डालते हैं। उन्होने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने में प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी बाल विवाह की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दें। साथ ही, बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर किसी भी व्यक्ति द्वारा किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण अधिनियम 2016 के तहत शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, आंगनहबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, प्रधानाध्यापक एवं थाने में शिकायत की जा सकती है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह सूचना वार्ड स्तर पर बाल संरक्षण समिति, पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास, विद्यालय प्रधानाध्यापक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता अथवा थाना प्रभारी को दी जा सकती है। इसके अलावा अध्यक्ष अथवा सदस्य बाल कल्याण समिति, कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त कार्यालय कलेक्टर प्रथम तल रूम नम्बर 61, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना टिमरनी, खिरकिया, हरदा शहरी व ग्रामीण 1 व 2 में भी की जा सकती है।

# सीएम, सांसद, प्रभारी मंत्री-विधायक के नाम लिखे लोकार्पण पत्थर को नहीं मिला सम्मान, बंद कमरे में कैद

### लोकार्पण के 12 दिन बाद यानी 7 अप्रैल से उपकेंद्र से शुरू हुई थी बिजली, अब संकट से निजात





### 26 मार्च को शहर के मंडी क्षेत्र में हुआ था विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राजनीति में शिलालेख (लोकार्पण पत्थर) न केवल विकास का प्रतीक होता है, बल्कि उस पर अंकित नाम पद की गरिमा और सम्मान को दर्शाते हैं। लेकिन शहर के मंडी क्षेत्र में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद आलोक शर्मा के नाम वाला लोकार्पण पत्थर एक बंद कमरे की चारदीवारी में कैद होकर रह गया है। करीब सवा पौने तीन करोड़ रुपए की लागत से बने इस सब-स्टेशन का लोकार्पण तो हो गया, लेकिन गरिमा और मर्यादा को कमरे में बंद कर दिया गया। बता दें मंडी क्षेत्र में 2 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से बने 33/11 केवी विद्युत सब-स्टेशन का लोकार्पण पिछले दिनों प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर द्वारा किया गया था। सरकारी प्रोटोकॉल और परंपरा यह है कि शिलालेख पर उन्हीं अतिथियों के नाम सुनहरे अक्षरों में लिखे जाते हैं, जो समारोह में उपस्थित हों। परंतु यहां तो बिना आए ही मुख्यमंत्री और सांसद को मुख्य अतिथि बना दिया गया। अब यह पत्थर भवन के एक कमरे में रखा है। लोकार्पण के बाद भी 'अंधेरे' में रही जनता लापरवाही का आलम यह रहा कि 26 मार्च को तामझाम के साथ हुए लोकार्पण के बावजूद 12 दिनों तक सप्लाई शुरू नहीं हो सकी।

शिलालेख तो सज गया, लेकिन जनता के घरों में अंधेरा ही रहा। कुछ-कुछ दिन तो 6 से 7 बार बिजली गुल हुई, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

#### जब सड़क पर उतरे लोग, तब मिली बिजली

लोकार्पण के बावजूद बिजली न मिलने से गुस्साए मंडी क्षेत्र के नागरिकों का सब्र तब टूट गया, जब सुबह से शाम तक बिजली गायब रही। लोगों ने मंडी चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। इस विरोध प्रदर्शन और विभाग की जमकर हुई किरकिरी के बाद आनन-फानन में काम पूरा कर लोकार्पण के 12 दिन बाद यानी 7 अप्रैल से सप्लाई शुरू की गई।

#### पत्थर से क्या करना, बिजली मिल रही है

राजनीतिक गलियारों में भले ही बंद कमरे में कैद शिलालेख और प्रोटोकॉल की चर्चा हो, लेकिन स्थानीय रहवासियों का स्पष्ट कहना है कि नेताओं के नाम पत्थर पर लिखे हों या वे कमरे में बंद रहें, हमें इससे फर्क नहीं पड़ता। जनप्रतिनिधियों और बिजली कंपनी के प्रयासों से हमें बिजली संकट से निजात मिल गई है।

जेई जोन-2 सीहोर सुमित अग्रवाल ने बताया कि लोकार्पण कार्यक्रम में जो अतिथि थे, उन्हीं का नाम लोकार्पण पत्थर पर रहेगा। लोकार्पण शिलालेख को व्यवस्थित तरीके से लगाया जाएगा।

### निबंध व दीवार लेखन से जल संरक्षण का संदेश दिया

**हरदा।** प्रदेश में बड़ी संख्या में खेत तालाब, अमृत सरोवर, रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और सूखे कुँओं को नया जीवन देने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही नागरिकों को जल संरक्षण के लिये प्रेरित करने हेतु विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरकिया में विकासखण्ड स्तरीय निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा निबन्ध लेखन के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया। इसके अलावा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं द्वारा जल संरक्षण के प्रति नागरिकों को जागरूक करने हेतु दीवार लेखन किया जा रहा है।

### आईपीसीए ने रेहटी को नौ विकेट से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर स्व.श्रीराजमल मेवाड़ा पूर्व विधायक की स्मृति में खेली जा रही कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को दो मैच खेले गए। आईपीसीए टीम ने रेहटी को नौ विकेट से हराया। वहीं एक अन्य मुकाबले में मास्टर क्लब भोपाल ने सनराइज लालघाटी को 93 रन के अंतर से हराया।

# टीईटी परीक्षा के विरोध में प्रदर्शन किया तख्तियां लेकर जमकर की नारेबाजी

### शिक्षक वाहन रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे






**इछावर।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर शनिवार को तहसील क्षेत्र के शिक्षक - शिक्षिकाओं ने टीईटी परीक्षा के विरोध में प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में शिक्षकों ने वाहन रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और परीक्षा निरस्त करने की मांग की।

शनिवार को ब्लॉक के शिक्षक - शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में नगर के दशहरा मैदान स्थित गिलावनी माता मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। शाम करीब साढ़े चार बजे वाहन रैली निकालते हुए सब्जी बाजार , पान चौराहा , अस्पताल , थाना रोड से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान प्रदर्शनकारी टीईटी परीक्षा निरस्त करो लिखी तख्तियां लेकर नारेबाजी करते रहे। संगठन के पदाधिकारी इंदरसिंह ठाकुर , महेश राठौर ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों को भी टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य हो गया है। उनका कहना है कि यह नियम 20 - 30 वर्षों से पढ़ा रहे शिक्षकों के अनुभव का अपमान है। नियुक्ति के दौरान ऐसा कोई नियम नहीं था।

**ज्ञापन में रखी प्रमुख मांगे** :शिक्षकों ने ज्ञापन के माध्यम से टीईटी परीक्षा को तत्काल रद्द करने की मांग की । साथ ही सेवा अवधि को नियुक्ति दिनांक से मानने एवं पुरानी पेंशन बहाली की बात कही गई।संगठन के चंदरसिंह ठाकुर , महेश मालवीय , चुन्नी लाल परमार , गुलाब सिंह वर्मा आदि ने साफ कहा है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने 18 अप्रैल को भोपाल में होने वाले प्रदर्शन में अधिक से अधिक शिक्षकों के शामिल होने की अपील की है।

# श्रद्धा और विश्वास का सम्मिलन ही शिव और पार्वती का विवाहः संत उद्धवदास महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




भगवान शिव भरोसे के प्रतीक हैं और पार्वती श्रद्धा की प्रतीक हैं। श्रद्धा और विश्वास का सम्मिलन ही शिव और पार्वती का विवाह है। विवाह के उपरांत ही मां पार्वती शिव को प्रसन्न करती हैं और शिवजी श्री राम कथा प्रारंभ करते हैं। इसी से राम कथा और श्रीराम जी के जन्म दोनों का प्रत्यक्ष रूप से राम कथा सुनने और भगवान राम के जन्म के बाद दर्शन करने का अवसर मानव के जीवन में आता है। यही शिव और पार्वती के विवाह का धार्मिक व आध्यात्मिक पक्ष है।

उक्त विचार शहर के कंचन विहार विश्वनाथपुरी में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के तत्वावधान में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन संत उद्धवदास महाराज ने कहे। श्रीराम कथा में भगवान शिव और माता सती का संवाद माता सती द्वारा प्रभु श्री राम की परीक्षा लेना, भगवान शिव और माता सती के संवाद के माध्यम से दांपत्य जीवन को सुखी रखने के उपाय, दक्ष प्रजापति के यज्ञ का विध्वंस, भगवान शिव को वर्णन करने की इच्छा से हिमाचल पुत्री माता पार्वती का तप, भगवान शिव एवं माता पार्वती के विवाह का प्रसंग । देर रात्रि को जारी श्रीराम कथा के दौरान उन्होंने सती प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए कहाकि पति-पत्नी में भरोसा होना जरूरी है।

सती ने भगवान शिव की बात नहीं मानी और अपने पिता के यहां पर यज्ञ में गई। इसके पश्चात राजा दक्ष ने भगवान शिव का अहंकार में आकर अपमान किया। मैना ने मैं ना कहा, मोल भयो दस बीस, बकरे ने मैं-मैं कहां, कबीर कटायो सीस यह दोहा कबीर की शिक्षाओं को उजागर करता है कि कैसे एक व्यक्ति को अपने अहं और लोभ को त्याग देना चाहिए। इसका अर्थ यह है कि, जैसे बकरी मैं-मैं करती है, वैसे ही व्यक्ति को भी अपने अहं को त्याग देना चाहिए और कबीर की शिक्षाओं का पालन करना चाहिए। कथा के दूसरे दिन गुरुदेव के साथ हरिद्वार के संत श्री विशंभर दास भी पधारे। वहीं संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति द्वारा शहरवासियों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में कथा में पधार कर लाभ ले। महाराज श्री द्वारा बताया गया कि आदमी के जीवन का 10 प्रतिशत सुख भौतिक चीजों से प्राप्त होता है शेष 90 प्रतिशत सुख या दुख उसे अपने ही विचारों से प्राप्त होता है कथा ही विचारों को इस प्रकार से उन्नत कर सकती है कि व्यक्ति अपने जीवन में सुख का अनुभव करे।

### संत शिरोमणि सेन महाराज की 726वीं जयंती कल मनाई जाएगी





सीहोर। इस वर्ष भी दिनांक 14 अप्रैल 2026, मंगलवार को प्रातः 9 बजे स्थानीय सेन धर्मशाला कुटि सुभाष स्कूल के पास गंज सीहोर में संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726 वी जयंती भव्यता के साथ धूमधाम से सादगी पूर्ण रूप से मनाई जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय एवं अन्य जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ सामाजिक बन्धु कार्यक्रम में सम्मिलित होगें। सामाजिक बन्धुओं द्वारा सेनजी महाराज की पूजा अर्चना एवं हनुमानजी महाराज को चौला, हनुमान जी महाराज एवं सेन जी महाराज जी को ध्वजा रोहण एवं पूजा अर्चना के पश्चात सामाजिक बन्धुओं द्वारा सेनजी महाराज के जन्म उत्सव के सम्बंध में विचार एवं सामाजिक कुरितियों के सुधार हेतु अपना उद्बोधन एवं बक्ष्खें की शिक्षा, वरिष्ठजनों के सम्मान आदि के साथ महिला मण्डल द्वारा भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। कार्यक्रम पश्चात प्रसाद वितरण किया जावेगा। सर्वसेन समाज के अध्यक्ष तुलसीराम सेन, युवा सेन समाज के अध्यक्ष कामेद सेन, भारतीय सेन समाज के अध्यक्ष एल.एस.सेन, महिला सर्व सेन समाज की अध्यक्ष सविता विजय सेन, त्रिवेणी सेन आदि ने सभी स्वाजतीय बन्धुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

### समाजसेवी अखिलेश राय और वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ अजय पटेल ने मैदान पर बल्लेबाजी की

# विधायक कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विधायक सुदेश राय के विशेष संरक्षण में बिजोरी ग्राम पंचायत के युवाओं के द्वारा आयोजित विधायक कप नाइट टूर्नामेंट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय और वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ अजय पटेल की विशेष उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर जिला मंत्री दिनेश मेवाड़ा जनपद सदस्य जितेंद्र वर्मा भी उपस्थित रहे। विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजन समिति के आकाश पम्पु वर्मा ने अतिथियों का फूल मालाए पहनाकर अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत सम्मान किया। अतिथियों ने मैदान पर उतरकर बल्लेबाजी की और विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता जीतने वाली टीम को पुरस्कार स्वरूप मिलने वाली ट्रॉफी का लाल कपड़ा हटा कर लोकार्पण किया। अतिथियों ने क्रिकेट मैच खेलने वाली टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। विधायक सुदेश राय ने खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों का उत्साहवर्धन किया उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का एक सराहनीय प्रयास है। विधायक राय ने आयोजक पम्पू वर्मा और उनकी पूरी टीम एवं खिलाड़ियों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। आकाश पम्पू वर्मा ने बताया टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रदर्शन पर पुरस्कार दिए जाएंगे।

कार्यक्रम में यश ठाकुर, अंकित नागर, कपिल वर्मा, आदि नागर, सुरेश वर्मा, नदीम ख़ान, इमरान ख़ान, अजय पटेल, आदिल, अमित मालवीय, गौतम, गोलू, पवन पन्नू, विशाल, अनुकूल, विकाश, भरत, हेमंत सहित बड़ी संख्या में बिजोरी सहित आसपास के ग्रामीण अंचल के क्रिकेट खिलाड़ी खेल प्रेमी युवा मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में आकाश पंपु वर्मा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### सार्वजनिक जल मंदिर का शुभारंभ




**सीहोर।** शनिवार को हर साल की तरह इस साल भी निरन्तर 19 वर्षों से गर्मी के दिनो में स्थानीय लुनिया चौराहे पर वर्मा पेट्रोल पंप के सामने स्व.श्री बाबूलाल वर्मा एवं श्रीमती शांती देवी वर्मा की पुण्य स्मृति में सार्वजनिक प्याऊ का शुभांरभ उनके पुत्र सूर्यप्रकाश वर्मा, राकेश वर्मा, मनोज वर्मा पुत्रवधु अनुराधा वर्मा, संगीता वर्मा, पूजा वर्मा पुत्री गायत्री वर्मा, हर्षा वर्मा तथा पोते यश, राज, स्पर्श द्वारा किया गया तथा इस अवसर पर समाज सेवी विष्णु कौशल, मुकेश पाल, रघुवीरसिंह, अशोक चौधरी, राजवीर, ओमप्रकाश बारेला, सानू बेल्डर, विनोद ठेकेदार, राजकुमार, गोपाल शर्मा, हफीज अब्दुल्ला, दीपक शाक्य आदि सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाजसेवी राकेश वर्मा ने बताया कि राहगीरों को गर्मी के मौसम में शीतल पेयजल उपलब्ध कराए जाने के लिए सार्वजनिक स्थान पर प्याऊ का शुभारंभ किया गया है। पिछले कई सालों से गर्मी के मौसम में राहगीरों और क्षेत्रवासियों के लिए सार्वजनिक प्याऊ लगाई जाती है।